# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न
## 27 फ़रवरी, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करना

***81 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सग्गा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य जो कि वर्ष 2018 में 3.92 करोड रुपए की लागत से स्वीकृत हुआ था, एक एजेंसी द्वारा निष्पादित किया जा रहा था जिसकी निविदा खंड संख्या 694 के अंतर्गत सरकार द्वारा रद्द कर दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए नई निविदा कब तक जारी किए जाने की संभावना है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पुनः आरम्भ किये जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत वर्ष 2019 में 3.60 करोड रुपए की लागत से स्वीकृत, गांव समाना बाहु में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य गत् 7 वर्षों से रुका पड़ा है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य कब पुनः आरम्भ तथा पूरा किया जाने की संभावना है?

----

## सड़क को चौड़ा करना

***82 मो. इसराईल (हथीन):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री  कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि होडल से पटौदी को जोड़ने वाला मार्ग, जो दक्षिण हरियाणा का एक महत्वपूर्ण यातायात मार्ग है, भारी यातायात दबाव तथा दुर्घटनाओं का सामना कर रहा है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़क को चार मार्गी में चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इस सम्बन्ध  में सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## पृथला को उप-मंडल के रूप में घोषित करना

***83 श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या गांव पृथला को उप-मंडल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि जिला फरीदाबाद के चार प्रमुख गांव अर्थात् मोहना, छायंसा, दयालपुर तथा फतेहपुर बिल्लोच पृथला क्षेत्र में समाविष्ट हैं; तथा

(ग) क्या इन गांवों में से किसी एक को उपमंडल घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## 50 बैड वाले अस्पताल का निर्माण करना

***84 श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या फरीदाबाद के सेक्टर-56 में 50 बैडों वाला अस्पताल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा

उपरोक्त अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## देसी कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करना

*85 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि: –

(क) क्या यह तथ्य है कि देसी कपास को सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) पर नहीं खरीदा जा रहा है, जिसके कारण किसान धान की खेती की ओर स्थानांतरित हो रहे हैं, जिससे राज्य में पानी की समस्या ओर भी गंभीरतर होती जा रही है; तथा

(ख) क्या किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए देसी कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) या बाजरे की फसल की तर्ज पर, देसी कपास के उत्पादक किसानों को भावान्तर भरपाई योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन/ सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## मुआवजे की कुल लंबित राशि

*86 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में वर्ष 2022 से 2026 तक फसल के नुकसान (खराबा) के लिए सरकार द्वारा वितरित मुआवजे की कुल राशि कितनी है तथा उसका वर्ष वार तथा जिला वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या स्वीकृत मुआवजे की कोई राशि वर्तमान में लंबित पड़ी है ;यदि हां ,तो उसका ब्यौरा क्या है तथा ऐसे विलम्ब के लिए जिम्मेदार सरकारी कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है तथा प्रभावित किसानों को इसके कब तक वितरित किए जाने की संभावना है?

----

## डबवाली स्टेडियम का जांच ब्यौरा उपलब्ध करवाना

*87 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या डबवाली शहर के स्टेडियम के संबंध में सरकार द्वारा कोई जांच करवाई गई है; यदि हां, तो उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क को चौड़ा तथा सुदृढ़ करना

***88 चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या छछरौली-दादुपुर सड़क को चौड़ा तथा सुद्दढ़ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसकी अनुमानित लागत क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## अन्य पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर की आय के मानदंड बढ़ाना

***89 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी) की क्रीमी लेयर आय सीमा को पिछली बार सितम्बर, 2019 में 6.00 लाख रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर 8.00 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया था तथा 1993 की सरकारी अधिसूचना में मूल्य सूचकांक को ध्यान में रखते हुए प्रति 3 वर्ष में क्रिमी लेयर की आय सीमा की समीक्षा तथा संशोधन का प्रावधान है; तथा

(ख) यदि हां, तो नवीनतम मूल्य सूचकांक को ध्यान में रखते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर की आय मानदंड को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि महगाई, अन्तिम बढोतरी से लेकर आज तक बहुत बढ़ चुकी है?

----

## नदियों की गाद न निकालने के कारण

***90 श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि मारकंडा, बेगना तथा टांगरी नदियों की पानी ले जाने की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा नदियों की गाद निकालने का कार्य न करवाए जाने के क्या कारण हैं?

----

## नगर निगम के कार्यालय के नए भवन का निर्माण करना

***91 श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि बल्लभगढ़ में नगर निगम फरीदाबाद (एम.सी.एफ) के कार्यालय के लिए बन रहे नए भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## सेवा सुनिश्चित विधेयक का प्रारूप तैयार करना

***92 श्री निखिल मदान(सोनीपत) :**
**श्री भारत भूषण बत्तरा( रोहतक) :**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या राज्य के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत संविधात्मक प्राध्यापकों के लिए "सेवा सुरक्षा विधेयक" का प्रारूप तैयार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत विस्तार प्राध्यापकों की तर्ज पर इन विश्वविद्यालय प्राध्यापकों को सेवा सुरक्षा के लाभ देने का सरकार का इरादा है: यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नए जल घरों का निर्माण करना

***93 श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि हिसार शहर में प्रत्येक वर्ष गर्मियों के मौसम के दौरान पीने के पानी का गंभीर संकट होता है; तथा

ख) क्या उक्त समस्या का समाधान करने के लिए हिसार शहर में नए जल घरों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## श्री शीतला माता मंदिर के विकास कार्य का ब्यौरा

***94 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) उस कम्पनी का नाम क्या है जिसे श्री शीतला माता मंदिर, गुरुग्राम के विकास कार्यों

के लिए निविदा दी गई थी तथा इसके लिए स्वीकृत राशि कितनी है तथा अब तक कुल कितना भुगतान किया गया है;

(ख) उक्त परियोजना के लागत प्रारम्भिक अनुमान 50-60 करोड रुपए से बढ़कर 100 करोड रुपए से अधिक होने के क्या कारण है;

(ग) आज तक की वास्तविक प्रगति की प्रतिशतता कितनी है; तथा

(घ) जनवरी, 2025 में पिछले बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद नए बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति में देरी के कारण क्या हैं?

----

## नर्सिंग कॉलेज शुरू करना

*95 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि पुंडरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव धेरडू में स्थित गुरु ब्रह्मानंद नर्सिंग कॉलेज का भवन पूरी तरह से तैयार है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त कॉलेज के औपचारिक रूप से कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## नर्सिंग कॉलेज के भवन का निर्माण करना

*96 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) सफीदों का नर्सिंग कॉलेज किस वर्ष में खोला गया था;

ख) क्या यह तथ्य है कि उक्त नर्सिंग कॉलेज के भवन का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उपरोक्त नर्सिंग कॉलेज के खुलने के पश्चात् राज्य में कितने नर्सिंग कॉलेज खोले गए हैं, जिनके भवनों का निर्माण हो चुका है तथा उनका जिले-वार ब्यौरा क्या हैं?

(घ) क्या उपरोक्त नर्सिंग कालेज के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ङ) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

**अंडरपास का निर्माण करना**

***97 श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या रेलवे लेवल क्रॉसिंग के कच्चा बेरी सड़क पर एक अंडर-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या उक्त अंडर-पास के लिए रेलवे से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) उक्त अंडर-पास के निर्माण के लिए सरकार द्वारा आवंटित अथवा प्रस्तावित बजट की कुल राशि कितनी है; तथा

(घ) उक्त अंडरपास का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**बाई-पास का निर्माण करना**

***98 श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली बाई-पास की घोषणा 11 वर्ष पहले की गई थी;

(ख) क्या यह भी एक तथ्य है कि कोसली बाई-पास के निर्माण के लिए एच.पी.एल.पी.सी को भूमि खरीदने का अधिकार दिए जाने के बावजूद, दो वर्ष के बाद भी सरकार द्वारा परियोजना में कोई ठोस या भौतिक प्रगति नहीं की गई है; यदि हां, तो इस देरी के लिए जिम्मेदार विभाग/नोडल एजेंसी तथा अधिकारियों (पदनाम सहित) कौन हैं तथा उक्त देरी के मामलों में जिम्मेदारी निर्धारित तथा दंडात्मक कार्रवाई के लिए सरकार के प्रावधान क्या हैं;

(ग) परियोजना किस स्तर पर लंबित है तथा यह कब से लंबित है; तथा

(घ) क्या उपरोक्त बाईपास के निर्माण के लिए कोई संशोधित या परिवर्तित प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त परियोजना के संबंध में सरकार की कार्य योजना की वर्तमान स्थिति, अनुमानित लागत तथा अनुमानित समय सीमा क्या है?

----

**उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण करना**

***99 श्री योगीन्द्र सिंह राणा (असंध):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या नागरिक अस्पताल, असंध के अंतर्गत पड़ने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए नए सरकारी भवनों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो वर्तमान में किराए के, निजी अथवा अन्य विभागों/पंचायतों से संबंधित भवनों में चल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र के अलग भवन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध है ; तथा

(ग) उपरोक्त उप स्वास्थ्य केंद्रों की कुल संख्या कितनी है जो वर्तमान में किराए के अथवा निजी भवनों में चल रहे हैं?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में बढ़ाना

*100 **श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या थानेसर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गाँव अमीन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----